# नेतरहाट आवासीय विद्यालय

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायतशासी संस्था
एच.ई.सी, एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004)

झारखण्ड सरकार

नेतरहाट विद्यालय


पत्रांक– 3363

दिनांक–08.10.16

## विज्ञप्ति

**नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सत्र 2016-17 में कक्षा–6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जिससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत हैं –**

1. नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रारम्भिक स्तर कक्षा 6 में नामांकन लिखित परीक्षा के आधार पर लिये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान शिक्षा सत्र में एक स्तरीय लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। सफल छात्रों की चिकित्सा जाँच के आधार पर निर्धारित आरक्षण के अनुरूप प्रवेश हेतु मेधा सूची तैयार की जाएगी।

**प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक योग्यता एवं अर्हता निम्नांकित हैं:–**

(क) आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें।

(ख) 1 अगस्त 2016 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म 01.08.2004 से 31.07.2006 के बीच हुआ हो।

(ग) पाँचवा वर्ग उत्तीर्ण/छठा वर्ग में अध्ययनरत आवेदक विद्यालय प्रमाण-पत्र संलग्न करें। अभ्यर्थी झारखण्ड राज्य की सीमा के अन्तर्गत संचालित सरकारी विद्यालय अथवा केन्द्रीय विद्यालय अथवा राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा– 6 में नामांकित हो।

2. (i) नेतरहाट आवासीय विद्यालय ,नेतरहाट के लिये 100 सीट निर्धारित हैं, इन सीटों के विरूद्व झारखण्ड सरकार के द्वारा स्वीकृत आरक्षण नियम के तहत मेधाक्रम में छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा एक स्तरीय तथा दो पालियों में होगी।प्रवेश परीक्षा की तिथि, विषयवार पूर्णांक एवं परीक्षा की अवधि निम्नवत् हैः–

| परीक्षा की तिथि :– | | | 12.02.2017 (रविवार) | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पाली(10.00 पूर्वाहन से 12.00 मध्या0) | | | द्वितीय पाली 01.00 अपराह्न से 3.00 अपराह्न | |
| क्रम सं0 | विषय | अंक | विषय | अंक |
| 01 | गणित | 50 | भाषा | 50 |
| 02 | सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान | 50 | मानसिक योग्यता | 50 |

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायेगी, जिसकी सूची निम्नवत् हैः–

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खुँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) **लिखित प्रवेश परीक्षा के प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पांचवीं कक्षा का होगा।**

(iv) आवेदन प्रपत्र एवं प्रवेश पत्र नेतरहाट आवासीय विद्यालय द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

(v) आवेदन प्रपत्र प्रखण्ड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

(vi) यह सूचना नेतरहाट विद्यालय समिति के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(vii) प्रखण्ड के प्रखंण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 30 नवंबर 2016 निर्धारित है।

(viii) परीक्षा शुल्क –रू0 100/–(अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रू0 50/–)

(ix) परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जाएगा।

(x) ड्राफ्ट नेतरहाट विद्यालय समिति के नाम भारतीय स्टेट बैंक की नेतरहाट शाखा पर भुगतेय होगा।

(xi) विशेष स्थिति में प्रवेश पत्र नहीं प्राप्त होने पर,आवेदक अपना दो फोटो (आवेदन प्रपत्र पर चिपकाए गए प्रति के समान), अपनी पहचान का आवश्यक प्रमाण एवं आवेदन प्राप्ति रसीद साथ लेकर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घण्टा पूर्व आएँगे।

(xii) जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा वितरित किया जाएगा।

8/10/16

प्राचार्य

नेतरहाट आवासीय विद्यालय।

झारखण्ड सरकार

# स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

## माध्यमिक शिक्षा निदेशालय

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायतशासी संस्थान,एच.ई.सी. एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004)

# विज्ञप्ति

**नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सत्र 2016–17 में कक्षा–6 में नामांकन हेतु प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जिससे संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएँ निम्नवत् हैं –**

1. नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रारम्भिक स्तर कक्षा 6 में नामांकन लिखित परीक्षा के आधार पर लिये जाने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान शिक्षा सत्र में एक स्तरीय लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। सफल छात्रों की चिकित्सा जाँच के आधार पर निर्धारित आरक्षण के अनुरूप प्रवेश हेतु मेधा सूची तैयार की जाएगी।

प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवश्यक योग्यता एवं अर्हता निम्नांकित हैं:–

(क) आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है। आवेदन के साथ संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न करें।

(ख) 1 अगस्त 2016 को जिनकी उम्र 10 वर्ष से कम और 12 वर्ष से अधिक नहीं हो, अर्थात जिनका जन्म 01.08.2004 से 31.07.2006 के बीच हुआ हो।

(ग) पाँचवा वर्ग उत्तीर्ण/छठा वर्ग में अध्ययनरत आवेदक विद्यालय प्रमाण–पत्र संलग्न करें। अभ्यर्थी झारखण्ड राज्य कीसीमा के अन्तर्गत संचालित सरकारी विद्यालय अथवा केन्द्रीय विद्यालय अथवा राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा– 6 में नामांकित हों।

2. (i) नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट के लिये 100 सीट निर्धारित हैं, इन सीटों के विरुद्ध झारखण्ड सरकार के द्वारा स्वीकृत आरक्षण नियम के तहत मेधाक्रम में छात्रों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। परीक्षा एक स्तरीय तथा दो पालियों में होगी। प्रवेश परीक्षा की तिथि, विशयवार पूर्णांक एवं परीक्षा की अवधि निम्नवत् हैं:–

| परीक्षा की तिथि :– | | | 12.02.2017 (रविवार) | |
|---|---|---|---|---|
| प्रथम पाली (10.00 पूर्वाहन से 12.00 मध्या0) | | | द्वितीय पाली 01.00 अपराह्न से 3.00 अपराह्न | |
| क्रम सं0 | विषय | अंक | विषय | अंक |
| 01 | गणित | 50 | भाषा | 50 |
| 02 | सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विज्ञान | 50 | मानसिक योग्यता | 50 |

(ii) लिखित प्रवेश परीक्षा प्रत्येक प्रमण्डल मुख्यालय में आयोजित की जायगी, जिसकी सूची निम्नवत् है:–

| प्रमण्डल | प्रमण्डल मुख्यालय | जिला |
|---|---|---|
| कोल्हान | चाईबासा | पूर्वी एवं पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां |
| उत्तरी छोटानागपुर | हजारीबाग | बोकारो, चतरा, धनबाद, गिरिडीह, हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ |
| दक्षिणी छोटानागपुर | रांची | गुमला, खूँटी, लोहरदगा, रांची, सिमडेगा |
| पलामू | मेदिनीनगर | गढ़वा, लातेहार, पलामू |
| संथाल परगना | दुमका | गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहेबगंज, पाकुड़ |

(iii) लिखित प्रवेश परीक्षा के प्रश्नों का स्तर सामान्यतः पाचवीं कक्षा का होगा।

(iv) आवेदन प्रपत्र एवं प्रवेश पत्र नेतरहाट आवासीय विद्यालय द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को उपलब्ध करा दिया जाएगा।

(v) <u>आवेदन प्रपत्र प्रखण्ड के शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।</u>

(vi) यह सूचनानेतरहाट विद्यालय समिति के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है।

(vii) प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – 30 नवंबर 2016 निर्धारित है।

(viii) परीक्षा शुल्क –रू0 100/–(अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए रू0 50/–)

(ix) परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट के माध्यम से लिया जाएगा।

(x) ड्राफ्ट नेतरहाट विद्यालय समिति के नाम भारतीय स्टेट बैंक की नेतरहाट शाखा पर भुगतेय होगा।

(xi) विशेष स्थिति में प्रवेश पत्र नहीं प्राप्त होने पर,आवेदक अपना दो फोटो (आवेदन प्रपत्र पर चिपकाए गए प्रति के समान), अपनी पहचान का आवश्यक प्रमाण एवं आवेदन प्राप्ति रसीद साथ लेकर परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारम्भ होने से आधा घण्टा पूर्व आएँगे।

(xii) <u>जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा वितरित किया जाएगा।</u>

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा

PR 149569(Human Resource Developement) 16-17

प्रभात खबर 14.10.2016

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट विद्यालय समिति,सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायत शासी संस्था
एच.ई.सी. एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004)

पत्रांक–2269              दिनांक–29.11.2016

## विज्ञप्ति

नेतरहाट प्रवेश परीक्षा विषयक, प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–3363, दिनांक–08.10.2016 एवं निदेशक, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार की विज्ञप्ति संख्या PR - 149569 (Human Resource Development) 16-17 दिनांक–14.10.2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, सत्र 2016–17 का आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 30.11.2016 तक थी। अपरिहार्य कारणों से आवेदन पत्र जमा करने की तिथि को बढ़ाकर दिनांक 15.12.2016 तक की जाती है। सभी अभिभावकों/आवेदकों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध उपरांकित मूल विज्ञप्तियों के निदेशानुसार आवेदन पत्र भरें। साथ ही सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्र के साथ आवेदन शुल्क के रूप में बैंक ड्राफ्ट, जमा किए जाने वाला, जो भारतीय स्टेट बैंक के शाखा से निर्गत कराना था; अब भारतीय पोस्टल आर्डर, **किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, कोऑपरेटिव या प्राईवेट बैंक का बैंक** ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, **जो नेतरहाट विद्यालय समिति के नाम का हो** तथा नेतरहाट शाखा में भुगतेय हो, का प्रयोग कर सकते हैं। जिन छात्रों ने आवासीय या जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया है; लेकिन उन्हें प्राप्त नहीं हुए, वे भी Applied for का प्रमाण देकर आवेदन दे सकते हैं; लेकिन उन्हें प्रमाण पत्र 30 दिसम्बर, 2016 तक आवश्यक रूप में जमा करना होगा। शेश सभी निर्देश पूर्ववत् रहेंगे। किसी भी प्रकार के पूछताछ के लिए निम्न नंबरों पर सपंर्क कर सकते हैं।
9572102596, 9470332717, 9431576111, 7033388874

<u>नोट</u> :– सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं प्रखंण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से अनुरोध है कि विद्यालय पत्रांक–3821 दिनांक–18.11.2016 (सूचना प्रकाशन तिथि–22.11.2016) के माध्यम से प्रकाशित सूचना के आधार पर विद्यालय के Website से डाउनलोड फार्म तथा प्रवेश पत्र या उसकी छाया प्रति को कृपया वैध मानेंगे। इस विज्ञापन के प्रसारित सूचना के आधार पर फार्म भरने की अंतिम तिथि की वैधता 15.12.2016 तक मानी जाये। प्रवेश पत्र में भरे जाने वाले Division code एवं Distt. code हेतु, पूर्ण सूचना सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय कार्यालय पत्रांक–3428 दिनांक–19.10.2016 द्वारा पूर्व में ही डाक के माध्यम से भेजी जा चुकी है तथ एतदर्थ सूचना दिनांक–28.10.2016 के समाचार पत्र में भी प्रकाशित है। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी/प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,
झारखण्ड सरकार,रांची

दैनिक भास्कर 1 दिसम्बर 2016

P.R.152105 Human Resource Developement(16-17)D

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित,
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायत शासी संस्था
एच.ई.सी., एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004)

पत्रांक–3821 दिनांक–18.11.16

## विज्ञप्ति

प्राचार्य, नेतरहाट आवासीय विद्यालय के पत्रांक–3363, दिनांक 08.10.2016 एवं निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की नेतरहाट प्रवेश परीक्षा, विषयक विज्ञप्ति संख्या PR-149569 (Human Resource Development) 16-17 दिनांक–14.10.2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा, सत्र 2016–17 का आवेदन, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के कार्यालय से वितरित किया जा रहा है। सादा आवेदन पत्र प्रखण्ड प्रसार पदाधिकारी कार्यालय में समाप्त हो गया हो या प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई हो रही हो तो वैसी स्थिति में नेतरहाट विद्यालय के वेबसाईट www. netarhatvidylaya.com पर उपलब्ध सादा आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र डाउनलोड कर, या विद्यालय के राँची अवस्थित 'नेतरहाट विद्यालय समिति', कार्यालय एम.डी. आई. भवन परिसर, धुर्वा, रांची, पिन–843004 से हाथों–हाथ प्राप्त कर उसे भरकर प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के पास जमा कर देंगे। समस्त जिला शिक्षा पदाधिकारी एव प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से अनुरोध है कि विद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध आवेदन पत्र एव प्रवेश पत्र को वैद्य माने। सभी आवेदकों/अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि विद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध मूल विज्ञप्ति (विज्ञप्ति संख्या – 3363) को देखकर विज्ञप्ति के निदेशानुसार आवेदन पत्र भरें। अन्यथा कि स्थिति में निम्न नंबरों में सपंर्क कर सकते हैं।

9431766506, 9431576111, 7033388874, 9431766556

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय

PR-151533 (Human Resource Development) 2016-17

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक – 3379 दिनांक – 14-10-16

प्रेषक :– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट।

सेवा में, **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी**

विषय– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वर्ष 2016 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्रक के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक के संबंध में निवेदन है कि आपको नेतरहाट आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन हेतु अपने जिले के सभी प्रखण्डों के लिए आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जा रहा है। कृपया आपसे अनुरोध है कि अपने जिले के सभी प्रखण्ड के प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।

कृपया इस पत्र के साथ आवेदन पत्र एवं प्रवेश के विषय में एक सामान्य अनुदेश भी उपलब्ध कराया जा रहा है। जो निम्नलिखित है:–

1. आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के लिए कोई शुल्क नहीं लेना है।
2. आवेदन पत्र के साथ प्राप्ति रसीद भी संलग्न है। आवेदन पत्र जमा करते समय छात्र को प्राप्ति रसीद दें दे।
3. आवेदक का प्रवेश पत्र में कमांक आवंटित करने के पश्चात ही प्रवेश पत्र निर्गत करेंगे। आपके यहाँ से निर्धारित तिथि के पश्चात ही प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के यहाँ से प्रवेश पत्र वितरित किया जायेगा। उसकी कार्यालय प्रति अपने कार्यालय में रखेंगे।
4. कृपया आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात आवेदन पत्र व प्रवेश पत्र के साथ आवेदकों की सूची एवं प्रश्न पत्र आपूर्ति हेतु मांग पत्र उपलब्ध कराने की कृपा करेंगे।
5. **कृपया एक आवेदक को एक ही आवेदन पत्र निर्गत करें तथा पंजी में उनसे हस्ताक्षर करा लें।**
6. अभ्यर्थियों के भरे हुए आवेदन पत्र के अग्रसारण के समय कृपया निम्नांकित बातों को अच्छी तरह से जांच लें।
   a. आवेदन पत्र आवेदक द्वारा ही साफ–साफ अक्षरों में भरा होना चाहिए। आवेदन में किसी भी प्रकार पुनर्लेखन(Over Writing) कट–कूट(Cutting)एवं अप–लेखन(Erasing) होने पर आवेदन पत्र रद्द कर दिया जायेगा।
   b. आवासीय प्रमाण पत्र – आवेदक को झारखण्ड राज्य का मूल निवासी/स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
   c. जाति प्रमाण पत्र–अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक को आरक्षण हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
   d. शैक्षणिक योग्यता– 5वीं उत्तीर्ण अथवा छठा वर्ग में अध्ययनरत आवेदक विद्यालय प्रमाण पत्र संलग्न करें। अभ्यर्थी को झारखण्ड राज्य की सीमा के अंतर्गत संचालित सरकारी विद्यालय अथवा केन्द्रीय विद्यालय अथवा राज्य सरकार या केन्द्र सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय की कक्षा 6 में नामांकित हों।
   e. फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर :– आवेदन पत्र में निर्धारित स्थान पर अभ्यर्थी का फोटो विद्यालय प्रधान/राजपत्रित पदाधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित होना चाहिए एवं फोटो के नीचे निर्धारित स्थल पर अभ्यर्थी का हस्ताक्षर हो।
   f. In Net Roll No. D → Division Code (1 to 5) DT→ District Code (01 to 24) ROLL → From 0001 to 9999

आप सबों से उपर्युक्त कार्य–सम्पादन हेतु विनम्र अनुरोध है।

विश्वासभाजन
14/10/16
प्राचार्य,

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक – 3428

दिनांक – 19.10.2016

प्रेषक :– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट।

सेवा में, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी

विषयः– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वर्ष 2016–17 में प्रवेश पत्रक के कोड आदि अंकित करने संबंधी।

महोदय,

निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार के कक्ष में दिनांक 18.10.2016 को आहुत बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2016 में अनुमंडल एवं जिला का कोड निम्नवत् निर्धारण किया गया है।

| Sl.No. | Division | Division code | District | Dist. Code |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **South Chhotanagpur** | 1 | Gumla | 10 |
| | | | Khuti | 13 |
| | | | Lohardaga | 16 |
| | | | Ranchi | 20 |
| | | | Simdega | 23 |
| 2. | **North Chhotanagpur** | 2 | Bokaro | 01 |
| | | | Chatra | 02 |
| | | | Dhanbad | 04 |
| | | | Giridih | 08 |
| | | | Hazaribagh | 11 |
| | | | Koderma | 14 |
| | | | Ramgarh | 19 |
| 3. | **Santhal Pargana** | 3 | Deoghar | 03 |
| | | | Dumka | 05 |
| | | | Godda | 09 |
| | | | Jamtara | 12 |
| | | | Pakur | 17 |
| | | | Sahebganj | 21 |
| 4. | **Palamu** | 4 | Garhwa | 07 |
| | | | Latehar | 15 |
| | | | Palamu | 18 |
| 5. | **Kolhan** | 5 | East Singhbhum | 06 |
| | | | Saraikella Kharsawan | 22 |
| | | | West Singhbhum | 24 |

आपसे निवेदन है कि प्रखण्ड स्तर पर सभी विद्यालय में आवेदन पत्र भरवाने हेतु प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को प्रेरित करने का कष्ट करेंगे। मुझे विश्वास है कि आवेदन पत्र सभी जिला में वितरण का कार्य शुरू हो गया होगा। प्रवेश पत्र में कमांक का आवंटन निम्न प्रकार किया जाना हैं। उदाहरण के लिए राँची जिला हेतु

In Net Roll No. D → Division Code (1) DT→ District Code (20) ROLL → 0001

मुझे पूर्ण विश्वास है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा संचालन में आपका सहयोग मुझे पूर्णतः मिलता रहेगा।

विश्वासभाजन

17/10/16

प्राचार्य

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक– 3815 दिनांक– 18.11.

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में, जिला शिक्षा पदाधिकारी
_______________

विषयः– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में वर्ष 2016–17परीक्षा हेतु प्रश्न–पत्र आपूर्ति हेतु मांग पत्र दिनांक 05.12.16 तक उपलब्ध कराने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अनुरोध है कि निदेशक,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की नेतरहाट प्रवेश परीक्षा,विषयक विज्ञप्ति संख्या PR 149569(Human Resource Developement)16-17 दिनांक14-10-2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30.11.2016 निर्धारित है। ज्ञातव्य हो कि अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र पर कमांक आवंटित करना एवं छात्रों को प्रवेश पत्र आपके स्तर से निर्गत किया जाना है। परीक्षा का संचालन सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने में आपका सहयोग वांछित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि छात्रों की संख्या के आधार पर प्रश्न पत्र आपूर्ति मांग पत्र दिनांक 05.12.16 तक अधोहस्ताक्षरी के मेल आइ डी principal.netarhat@gmail.com या SMS या Whatsapp पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। **ताकि पर्याप्त संख्या में प्रश्नों का मुद्रण कराया जा सके।**

एतदर्थ नेतरहाट विद्यालय में कोषांग का गठन किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है।

सम्पर्क नम्बरः–

1. प्राचार्य–9431766506
2. कोषपाल–7033388874
3. बाह्य परीक्षा प्रभारी–9431766556
4. 9431759750

विश्वासभाजन
18/11/16
प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक– 3905 दिनांक– 05.12.16

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में जिला शिक्षा पदाधिकारी

विषयः– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रवेशार्थ वर्ष 2016–17 की आयोजित होनेवाली परीक्षाओं के लिए प्रश्न–पत्र आपूर्ति हेतु मांग पत्र दिनांक 20.12.16 तक उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक 3815 दिनांक 18.11.2016

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अनुरोध है कि निदेशक,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की नेतरहाट प्रवेश परीक्षा,विषयक विज्ञप्ति के पत्रांक 2269 दिनांक 29.11.2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2016 निर्धारित की गई है। कार्यालय पत्रांक 3815 दिनांक 18.11.2016 द्वारा आपसे प्रश्न पत्र आपूर्ति की मांग मांग–पत्र में दिनांक 5.12.2016 तक की गई थी। आवेदन पत्र भरने की तिथि 15.12.2016 निर्धारित होने के कारण अब दिनांक 20.12.2016 तक प्रश्न पत्र आपूर्ति मांग पत्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः आपसे अनुरोध है कि छात्रों की संख्या के आधार पर प्रश्न पत्र आपूर्ति मांग पत्र दिनांक 20.12.16 तक अधोहस्ताक्षरी के मेल आइ डी principal.netarhat@gmail.com या SMS या Whatsapp पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। **तांकि वांछित संख्या में प्रश्नों का मुद्रण कराया जा सके।** एतदर्थ नेतरहाट विद्यालय में कोषांग का गठन किया गया है। जिसमें किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। परीक्षा का संचालन सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने में आपका सहयोग वांछित है।

सम्पर्क नम्बरः–
06569277644,9431576111,7033388874,9431766556

विश्वासभाजन
05/12/2016
प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक– 05

दिनांक– 02.01.17

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में, जिला शिक्षा पदाधिकारी
__________________

विषयः– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रवेशार्थ वर्ष 2016–17 की आयोजित होनेवाली परीक्षाओं के लिए प्रश्न–पत्र आपूर्ति हेतु मांग पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक 3905 दिनांक 05.12.2016

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अनुरोध है कि निदेशक,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की नेतरहाट प्रवेश परीक्षा,विषयक विज्ञप्ति के पत्रांक 2269 दिनांक 29.11.2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2016 निर्धारित की गई थी। कार्यालय पत्रांक 3905 दिनांक 5.12.2016 द्वारा आपसे प्रश्न पत्र आपूर्ति की मांग, मांग–पत्र में दिनांक 20.12.2016 तक अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। अभी तक आपके कार्यालय से उपरोक्त सूचना उपलब्ध नहीं करायी जा सकी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि छात्रों की संख्या के आधार पर प्रश्न पत्र आपूर्ति मांग पत्र यथाशीघ्र अधोहस्ताक्षरी के मेल आइ डी principal.netarhat@gmail.com या SMS या Whatsapp पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा का संचालन सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने में आपका सहयोग वांछित है।

विश्वासभाजन
02/01/17
प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक– 07 दिनांक– 3.1.2017

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में, जिला शिक्षा पदाधिकारी
___________________

विषयः– नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रवेशार्थ वर्ष 2016–17 का अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए आवेदन पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय के पत्रांक 3379 दिनांक 14.10.2016

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अनुरोध है कि निदेशक,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की नेतरहाट प्रवेश परीक्षा,विषयक विज्ञप्ति के पत्रांक 2269 दिनांक 29.11.2016 के आलोक में सूचित करना है कि नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15.12.2016 निर्धारित की गई थी। इस कार्यालय के पत्रांक 3379 दिनांक 14.10.2016 द्वारा आपसे अनुरोध किया गया है कि कृपया आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र एवं प्रवेश पत्र के साथ आवेदकों की सूची एवं प्रश्न पत्र आपर्ति हेतु मांग पत्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय। आवेदन पत्र के साथ आवेदकों की सूची,प्रश्न पत्र आपूर्ति मांग पत्र आदि अभी तक आपके कार्यालय से उपलब्ध नहीं कराया जा सका है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आवेदन पत्र आदि यथाशीघ्र अपने प्रमण्डल के जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 15.1.2017 तक उपलब्ध कराना आवश्यक रूप से सुनिश्चित करेंगे, ताकि विद्यालय द्वारा समेकित रूप से सभी आवेदनों को मंगाया जा सके एवं परीक्षा से संबंधित अग्रेत्तर कार्रवाई की जा सके। परीक्षा का संचालन सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने में आपका सहयोग वांछित है।

विश्वासभाजन

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक– 60 दिनांक– 06.01.17

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में, क्षेत्रीय उप शिक्षा निदेशक
चाईबासा ।

विषयः– नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2016–17 के केन्द्र निर्धारण के संबंध में।

महाशय,

नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा के केन्द्र निर्धारण संबंधी पत्र आपके प्रमण्डल के उपायुक्त महोदय को इस विद्यालय के कार्यालय पत्रांक 40 दिनांक 04.01.2017 के द्वारा प्रेषित किया जा चुका है।

उपरोक्त विषयक आपसे अनुरोध है कि ससमय केन्द्र निर्धारण हेतु अपने प्रमण्डल के उपायुक्त से समन्वय स्थापित कर केन्द्र निर्धारण के उपरान्त अपने प्रमण्डल के जिला शिक्षा पदाधिकारी को इसकी सूचना कृपया अपने स्तर देने की कृपया की जाय,ताकि उनके द्वारा प्रवेश पत्र पर केन्द्र मुद्रित किया जा सके। तद्संबंधी सूचना से अधोहस्ताक्षरी को भी अवगत कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

06/1–17

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय।
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक–

दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

सेवा में, उपायुक्त,
चाईबासा
कोल्हान प्रमंडल ।

विषयः– 12 फरवरी 2017 को होने वाली नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2017 के केन्द्र निर्धारण के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर सूचित करना है कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में सत्र 2016–17 हेतु छात्रों का नामांकन विद्यालय स्तर से लिया जा रहा है। तद्नुसार सरकार के संयुक्त सचिव,स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार के पत्रांक 01–02/16–147, दिनांक 09.05. 2016 के आलोक में नेतरहाट प्रवेश परीक्षा का परीक्षा केन्द्र निर्धारण प्रमण्डलीय मुख्यालय स्थित विद्यालय/महाविद्यालय में आहूत होना है,जिसका निर्धारण भवदीय स्तर से गठित किया जाना अपेक्षित है।

अतः आपसे अनुरोध है कि प्रमण्डलीय मुख्यालय स्थित विद्यालय/महाविद्यालय में लगभग 800( आठ सौ ) अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र हेतु आवश्यक निर्देश देना चाहेंगे,साथ ही साथ यह भी अनुरोध करना आवश्यक प्रतीत होता है कि तद्संबंधी सूचना **भवदीय स्तर से प्रमण्डल के जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रेषित कराया** जाय ताकि ससमय उनके स्तर से अग्रेतर कार्रवाई की जा सके।

विश्वासभाजन

ह0/–प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,
नेतरहाट विद्यालय समिति।

ज्ञापांक– 40

नेतरहाट,दिनांक– 04·01·17

प्रतिलिपि– जिला शिक्षा पदाधिकारी, चाईबासा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। कृपया अपने स्तर से प्रमण्डल के समस्त जिला शिक्षा पदाधिकारी को केन्द्र संबंधी सूचना देने का कष्ट करेंगे,ताकि छात्रों को ससमय इसकी सूचना दी जा सके।

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
सह–सदस्य सचिव,

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक– दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सेवा में, उपायुक्त,
मेदिनीनगर

विषयः– नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 के सफल संचालन हेतु विधि–व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध है कि दिनांक 12.02.2017 को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, पलामू प्रमण्डल के लगभग 330 परीक्षार्थियों के लिए, **राजकीय +2 बालिका (के0जी0 स्कूल) उच्च विद्यालय, मेदिनीनगर** केन्द्र पर दो पालियों में, प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे मध्या. तक) तथा द्वितीय पाली ( 01.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक), सम्पन्न होनी है।

एतदर्थ आपसे आग्रह है कि केन्द्र पर समुचित विधि–व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारी एवं आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

ज्ञापांक– नेतरहाट, दिनांक–

प्रतिलिपि– पुलिस अधीक्षक, मेदिनीनगर को सूचनार्थ।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

ज्ञापांक– 194 नेतरहाट, दिनांक– 30.01.17

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, मेदिनीनगर को सूचनार्थ।

30/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक–

दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सेवा में, उपायुक्त,
दुमका

विषयः– नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 के सफल संचालन हेतु विधि–व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध है कि दिनांक 12.02.2017 को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, संथालपरगना प्रमण्डल के लगभग 470 परीक्षार्थियों के लिए, **+2 जिला स्कूल, दुमका** केन्द्र पर दो पालियों में, प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे मध्या. तक) तथा द्वितीय पाली ( 01.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक), सम्पन्न होनी है।

एतदर्थ आपसे आग्रह है कि केन्द्र पर समुचित विधि–व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारी एवं आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

ज्ञापांक–

नेतरहाट, दिनांक–

प्रतिलिपि– पुलिस अधीक्षक, दुमका को सूचनार्थ।

ह०/–

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

ज्ञापांक– 197

नेतरहाट, दिनांक– 30.01.17

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, दुमका को सूचनार्थ।

31/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक–　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक–

प्रेषक:– 　प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सेवा में, 　उपायुक्त,
चाईबासा

विषय:– 　नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 के सफल संचालन हेतु विधि–व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध है कि दिनांक 12.02.2017 को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, कोलहान प्रमण्डल के लगभग 1500 परीक्षार्थियों के लिए, तीन परीक्षाकेन्द्रों – **1. स्काउट हिन्दी बालिका उच्च विद्यालय, चाईबासा, 2. एस. पी. जी. मिशन बालक उच्च विद्यालय, चाईबासा** और **3. मांगी लाल रूंगटा उच्च विद्यालय चाईबासा** – पर दो पालियों में, प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे मध्या. तक) तथा द्वितीय पाली ( 01.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक), सम्पन्न होनी है।

एतदर्थ आपसे आग्रह है कि केन्द्र पर समुचित विधि–व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारी एवं आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

ज्ञापांक–　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　नेतरहाट, दिनांक–

प्रतिलिपि– पुलिस अधीक्षक, चाईबासा को सूचनार्थ।

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

ज्ञापांक– 198　　　　　　　　　　　　　　　　　　नेतरहाट, दिनांक– 30.01.17

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, चाईबासा को सूचनार्थ।

30/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक– दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सेवा में, उपायुक्त,
रांची

विषयः– नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 के सफल संचालन हेतु विधि–व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध है कि दिनांक 12.02.2017 को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, दक्षिणी छोटनागपुर प्रमण्डल के लगभग 430 परीक्षार्थियों के लिए, **मारवाडी +2 उच्च विद्यालय, पुस्तक पथ, रांची** केन्द्र पर दो पालियों में, प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे मध्या. तक) तथा द्वितीय पाली ( 01.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक), सम्पन्न होनी है।

एतदर्थ आपसे आग्रह है कि केन्द्र पर समुचित विधि–व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारी एवं आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह० /–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

ज्ञापांक– नेतरहाट, दिनांक–

प्रतिलिपि– पुलिस अधीक्षक, रांची को सूचनार्थ।

ह० /–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

ज्ञापांक– 196 नेतरहाट, दिनांक– 30.01.17

प्रतिलिपि– क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, रांची को सूचनार्थ।

30/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक— दिनांक—

प्रेषक:— प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

सेवा में, उपायुक्त,
हजारीबाग

विषय:— नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016—17 के सफ़ल संचालन हेतु विधि—व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सादर अनुरोध है कि दिनांक 12.02.2017 को नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा, उत्तरी छोटनागपुर प्रमण्डल के लगभग 840 परीक्षार्थियों के लिए, **संत रॉबर्ट बालिका उच्च विद्यालय, हजारीबाग** केन्द्र पर दो पालियों में, प्रथम पाली (10.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे मध्या. तक) तथा द्वितीय पाली ( 01.00 बजे अप. से 3.00 बजे अप. तक), सम्पन्न होनी है।

एतदर्थ आपसे आग्रह है कि केन्द्र पर समुचित विधि—व्यवस्था हेतु दण्डाधिकारी एवं आवश्यक पुलिस बल प्रतिनियुक्त करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन
ह० / —
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

ज्ञापांक— नेतरहाट, दिनांक—

प्रतिलिपि— पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग को सूचनार्थ।

ह० / —
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

ज्ञापांक— 195 नेतरहाट, दिनांक— 30.01.17

प्रतिलिपि— क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक, हजारीबाग को सूचनार्थ।

30/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट ।

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक–

दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

सेवा में,

जिला शिक्षा पदधिकारी
जामताड़ा

विषयः– नेतरहाट प्रवेश परीक्षा में निर्धारित उम्र सीमा से अधिक उम्र या कम उम्र के अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत नहीं करने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सादर कहना है कि इस विद्यालय की विज्ञप्ति संख्या 3363 दिनांक 08.10.2016 के अनुसार, 12.02.2017 को आयोजित होनेवाली नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए वे ही बच्चे योग्य हैं, जिनकी उम्र 1 अगस्त 2016 को 10 वर्ष से कम या 12 वर्ष से अधिक न हो, अर्थात् जिनका जन्म 01.08.2004 से 31.07.2006 के बीच हुआ हो।

अभ्यर्थियों से आपके माध्यम से इस विद्यालय में प्राप्त आवेदन पत्रों की जाँच चल रही है। समयाभाव के कारण, प्रवेश पत्र निर्गत किए जाने से पहले, सभी आवेदन पत्रों की जाँच कर उम्र के हिसाब से अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची उपलब्ध करा पाना असंभव प्रतीत हो रहा है।

**अतः जिन अभ्यर्थियों की उम्र 01.08.2016 को 10 वर्ष से कम या 12 वर्ष से अधिक हो, अर्थात् जिनका जन्म 01.08.2004 से 31.07.2006 के बीच नहीं हुआ हो, उन बच्चों को, उनके आवेदन पत्र प्राप्त होने के बावजूद, कृपया प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाय।**

विश्वासभाजन

ह०/–
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

ज्ञापांक– 214

नेतरहाट, दिनांक– 31.1.17

प्रतिलिपि : क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक, दुमका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित

31/1/17
प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट

पत्रांक–                                                                 दिनांक–

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

सेवा में,

क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमण्डल, रांची

विषय : नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 के प्रवेश पत्रों की कार्यालय प्रतियाँ परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध करवाने के संबंध में।

महोदय,

नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17, दिनांक 12.02.2017 को होने वाली है । उक्त परीक्षा के लिए मेरे द्वारा संबंधित केन्द्रों पर शिक्षकों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है । सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रवेश पत्रों की कार्यालय प्रतियाँ अवश्य केन्द्राधीक्षकों के पास उपलब्ध रहनी चाहिए ताकि निर्गत प्रवेश पत्रों से उसका मिलान किया जा सके। किसी भी स्थिति में विज्ञापन की शर्त्तो को पूरा करने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा से वंचित न होना पड़े, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करने में आपका सहयोग अपेक्षित है।

विश्वासभाजन

ह0/–प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

ज्ञापांक– 268                                                  नेतरहाट ,दिनांक– 06.02.17

प्रतिलिपि– जिला शिक्षा पदाधिकारी ,रांची/गुमला/खुँटी/सिमडेगा एवं लोहरदगा को आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

06/2/17

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति

नेतरहाट आवासीय विद्यालय

नेतरहाट

पत्रांक– 474 दिनांक– 27.02.17

प्रेषकः– प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति
नेतरहाट।

सेवा में,
सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी
झारखण्ड ।

विषयः– नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 में सम्मिलित छात्रों का आवासीय प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

निदेशक, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग,झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 2269 दिनांक– 29.11.2016 के अनुक्रम में प्रसारित नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा– 2016–17 के विज्ञापन के तहत वैसे छात्रों का जिनका आवासीय एवं जाति –प्रमाणपत्र प्राप्त नहीं हो पाया था, Applied For के साथ आवेदन करने की छूट दी गयी थी। उन्हें यह भी निर्देश दिया गया था कि वे 30.12.2016 तक अपने जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय में संबंधित आवासीय एवं जाति प्रमाणपत्र अवश्य जमा कर देगें।

अतः आपसे आग्रह है कि जिन आवेदकों का तत्संबन्धी प्रमाणपत्र आपको प्राप्त हो गया है,उसे यथाशीघ्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

अनुलग्नकः– विज्ञप्ति दिनांक 29.11.2016

विश्वासभाजन

27/2/17

प्राचार्य
नेतरहाट आवासीय विद्यालय
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति
नेतरहाट।

झारखण्ड सरकार

# नेतरहाट आवासीय विद्यालय

(नेतरहाट विद्यालय समिति, सोसाइटीज निबंधन अधिनियम, 1860 के अंतर्गत निबंधित
स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के अधीन एक स्वायतशासी संस्था
एच.ई.सी, एम.डी.आई. भवन, धुर्वा, राँची–834004)

नेतरहाट विद्यालय

पत्रांक - 613 दिनांक 21-3-17

## नेतरहाट विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2016–17 का परीक्षाफल

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक – 01/न 01–02/16 147, दिनांक 09.05.16 के अनुकम में दिनांक:– 12.02.2017 का नेतरहाट आवासीय विद्यालय की कक्षा छः सत्र 2016–17 में नामांकन हेतु प्रमंडलीय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा में कोटिवार निम्न कमांक के छात्र सफल घोषित किये गये हैं। सफल घोषित छात्रों के लिए शारीरिक जॉच की सूचना शीघ्र प्रकाशित की जायेगी। परीक्षाफल विद्यालय की वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर भी उपलब्ध है। परीक्षाफल में दिये गये कमांक मेधा कम के आधार पर अंकित हैं।

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अनारक्षित कोटि (General category)** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 1160054 | 10 | 1200122 | 19 | 2020033 | 28 | 3090144 | 37 | 3090067 | 46 | 3090070 |
| 2 | 1160030 | 11 | 3090010 | 20 | 3050060 | 29 | 4180028 | 38 | 3090011 | 47 | 1130001 |
| 3 | 1160031 | 12 | 1160037 | 21 | 3090080 | 30 | 1100013 | 39 | 1200123 | 48 | 1160026 |
| 4 | 1200116 | 13 | 1160060 | 22 | 1160027 | 31 | 1160045 | 40 | 2080021 | 49 | 3120075 |
| 5 | 1160053 | 14 | 5220201 | 23 | 1200193 | 32 | 1160044 | 41 | 3170035 | 50 | 3090073 |
| 6 | 1200115 | 15 | 1160049 | 24 | 1160036 | 33 | 1200120 | 42 | 1160043 | | |
| 7 | 1200117 | 16 | 1200121 | 25 | 2040009 | 34 | 3090042 | 43 | 1160004 | | |
| 8 | 1160002 | 17 | 1160003 | 26 | 1160020 | 35 | 1160038 | 44 | 1200118 | | |
| 9 | 1160035 | 18 | 1200184 | 27 | 1200124 | 36 | 2020089 | 45 | 1200194 | | |
| **अनुसूचित जनजाति (ST Category)** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 1160055 | 6 | 4180129 | 11 | 1160012 | 15 | 1200185 | 19 | 4180136 | 23 | 2020052 |
| 2 | 1160058 | 7 | 3030071 | 12 | 4180128 | 16 | 1200186 | 20 | 1160006 | 24 | 5240513 |
| 3 | 4180127 | 8 | 4180126 | 13 | 1200181 | 17 | 3050008 | 21 | 1200018 | 25 | 2040022 |
| 4 | 4180130 | 9 | 4180137 | 14 | 3050013 | 18 | 1200007 | 22 | 1160056 | 26 | 1100021 |
| 5 | 1160059 | 10 | 1200006 | | | | | | | | |
| **अनुसूचित जाति (SC Category)** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 2020060 | 3 | 1160040 | 5 | 4180071 | 7 | 4150047 | 9 | 4180120 | 10 | 4180067 |
| 2 | 2020059 | 4 | 2040017 | 6 | 2020076 | 8 | 2080006 | | | | |
| **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC Category)** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 1160024 | 4 | 3050024 | 7 | 2020064 | 9 | 2080092 | 11 | 2020079 | 13 | 3090004 |
| 2 | 1200119 | 5 | 1160047 | 8 | 3050054 | 10 | 1160051 | 12 | 3050037 | 14 | 3090043 |
| 3 | 2040003 | 6 | 2110136 | | | | | | | | |
| **अनारक्षित कोटि (General category) प्रतीक्षा सूची** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 2020073 | 4 | 1200195 | 7 | 4070018 | 10 | 2080108 | 12 | 2140012 | 14 | 5220212 |
| 2 | 3090091 | 5 | 2140021 | 8 | 4070008 | 11 | 2040029 | 13 | 4180025 | 15 | 3050001 |
| 3 | 2020077 | 6 | 3090089 | 9 | 3030012 | | | | | | |
| **अनुसूचित जनजाति (ST Category) प्रतीक्षा सूची** | | | | | | | | | | | |
| 1 | 1160039 | 3 | 1160041 | 5 | 5240593 | 6 | 3050012 | 7 | 2110121 | 8 | 4180121 |
| 2 | 2040023 | 4 | 1200182 | | | | | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **अनुसूचित जाति (SC Category) प्रतीक्षा सूची** | | | | | |
| 1 | 2040024 | 2 | 4150025 | 3 | 2040018 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC Category) प्रतीक्षा सूची** | | | | | | | |
| 1 | 3090062 | 2 | 1160032 | 3 | 5220202 | 4 | 1200192 |

शारीरिक जॉचोपरान्त अंतिम रूप से चयनित छात्रों के लिए निम्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति जमा करना अनिवार्य होगा।

(क) आवासीय प्रमाण–पत्र – अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत

(ख) जाति प्रमाण–पत्र – अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा निर्गत

(ग) जन्म प्रमाण–पत्र

घ) आधार कार्ड की छाया प्रति

नोट:– मुद्रण में त्रुटि के लिए विद्यालय प्रशासन जिम्मेवार नहीं होगा।